**WRAP Exams · wrapexams.com**

Prelims PYQ, Mains model answers, and copy evaluation. Write to the desk for this paper, a doubt, or the AI waitlist.

**ask@wrapexams.com · +91 85951 84903 · wrapexams.com**

# Official answer key

This file is the commission's answer key. WRAP Exams adds explanations, a compiled questions PDF that ends with a boxed key, and Solution links on wrapexams.com.

wrapexams.com

WRAP Exams · Write. Read. Analyse. Practice. · https://wrapexams.com/ · ask@wrapexams.com · wrapexams.com

WRAP Exams

जब तक आपको यह प्रश्न–पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाए तब तक न खोलें ।

**2025**

Question Booklet Bar Code Serial No.
प्रश्न–पुस्तिका बार कोड क्रम संख्या
4471529

**कोड : CIZU-2-24**

**विषय : सामान्य अध्ययन – II**

समय : 2 घण्टे

पूर्णांक : 200

अपना अनुक्रमांक सामने बॉक्स में लिखें — अंकों में / शब्दों में

प्रश्नों के उत्तर के लिए केवल **काले बॉल–प्वॉइंट पेन** का प्रयोग करें ।
अभ्यर्थी उत्तर-पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें ।

अन्तरीक्षक के हस्ताक्षर

आपको अपने सभी उत्तर **केवल उत्तर–पत्रक** पर ही देने हैं । परीक्षा के उपरांत **उत्तर–पत्रक अन्तरीक्षक** को सौंप दें तथा अभ्यर्थी प्रति (नीली) अन्तरीक्षक से प्राप्त कर लें ।

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें । **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं । ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक और प्रश्न–पुस्तिका जिनकी बार कोड क्रम संख्या एकसमान है, सील्ड पारदर्शी पॉलीथीन पैकेट के अन्दर एक साथ रखी है ।
2. **पारदर्शी सील्ड पॉलीथीन पैकेट खोलने के तुरन्त बाद, पुनः जाँच करके देख लें कि प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या एकसमान हैं तथा सभी पृष्ठ भली–भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या एकसमान न हों या इसमें अन्य कोई विसंगति हो, तो इसे कक्ष निरीक्षक को वापस कर प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक का दूसरा सील्ड पॉलीथीन पैकेट प्राप्त कर लें ।**
3. अभ्यर्थी प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. **उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या के एकसमान होने की पुष्टि करने के उपरान्त** ही ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अपना सही अनुक्रमांक, विषय एवं विषय कोड निर्धारित स्थान पर अंकित करें, अन्यथा ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और उसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।
4. अनुक्रमांक के अलावा प्रश्न–पुस्तिका के कवर पेज पर कुछ न लिखें । रफ कार्य के लिए प्रश्न–पुस्तिका के अन्त में दिए गए दो पृष्ठों का प्रयोग करें ।
5. **इस प्रश्न–पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं ।** प्रत्येक प्रश्न के **चार (4)** वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिए गए हैं । इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है । जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले बॉल–प्वॉइंट पेन** से पूरा काला कर दें ।
6. इस प्रश्न–पुस्तिका में (प्रश्न संख्या **1 – 45** के अतिरिक्त) सभी प्रश्न हिन्दी व अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में मुद्रित हैं । द्विभाषी (हिन्दी/अंग्रेज़ी) में किसी भी प्रश्न में अस्पष्टता के मामले में प्रश्न का अंग्रेज़ी संस्करण प्रभावी होगा ।
7. **ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड :**
   **ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा ।**
   (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक–तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा ।
   (ii) यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा ।
   (iii) यदि अभ्यर्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् अभ्यर्थी द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा ।

**नोट : कृपया प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या के एकसमान होने की जाँच कर ली जाए तथा बार कोड क्रम संख्या के एकसमान न होने की दशा में उसे बदलकर प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक का दूसरा सील्ड पॉलीथीन पैकेट प्राप्त कर लिया जाए ।**

***Note : English version of the instructions is printed on the back cover of this Question Booklet.***

1. इनमें से शुद्ध वाक्य है

(a) धन के रहित जीवन व्यर्थ है ।

(b) लाल बहादुर शास्त्री की मृत्यु बहुत ही दुखपूर्ण थी ।

(c) क्या विश्वविद्यालय समाज का नेतृत्व करने में सफल रहे हैं ?

(d) मैं केवल इतना ही चाहता हूँ ।

2. संस्कृत और प्राकृत से विकृत होकर हिन्दी में आये हुए शब्दों को क्या कहते हैं ?

(a) तद्भव

(b) देशज

(c) विदेशज

(d) तत्सम

3. 'दूरागत' शब्द में समास है

(a) अधिकरण तत्पुरुष

(b) सम्प्रदान तत्पुरुष

(c) अपादान तत्पुरुष

(d) करण तत्पुरुष

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा प्रश्न संख्या 4 से 8 तक के उत्तर इस गद्यांश के आधार पर ही दीजिए ।

बड़े-बड़े उत्थान और बड़ी-बड़ी क्रान्तियाँ प्राय: भाषा के सहारे ही होती हैं । भाषा ही लोगों को बहकाकर मनुष्यत्व की सीमा से निकालकर हिंसक पशुओं तक के वर्ग में ले जाती है और भाषा ही उन्हें कुमार्ग से हटाकर सन्मार्ग पर लाती है और पाप से विमुख करके पुण्य कार्यों में लगाती है । भाषा की शक्ति अपरिमित और अमोघ है । अच्छी भाषा में जादू का असर, संगीत का माधुर्य और तलवार की शक्ति होती है । इसीलिए अंग्रेजी में एक कहावत-सी बन गयी है, जिसका आशय है – तलवार से भी बढ़कर शक्तिशालिनी कलम है । इस कथन में 'कलम' लिखित भाषा की प्रतीकमात्र है । हमारे यहाँ तो उसे और भी अधिक ऊँचा स्थान दिया गया है । हम उसे सरस्वती देवी का रूप मानते हैं । अत: जो लोग बड़े बनना चाहते हों, या बड़े काम करना चाहते हों, उन्हें पहले अपनी भाषा की ओर ध्यान देना चाहिए ।

4. अच्छी भाषा में **नहीं** है

(a) संगीत का माधुर्य

(b) जादू का असर

(c) चित्र का रूप-रंग

(d) तलवार की शक्ति

5. हम किसे सरस्वती देवी का रूप मानते हैं ?

(a) चित्र को (b) मूर्ति को

(c) स्थापत्य को (d) कलम को

6. भाषा की शक्ति है

(a) सीमान्त और सीमेतर

(b) अपरिमित और अमोघ

(c) परिमित और मोघ

(d) सीमित और छुद्र

7. तलवार से भी बढ़कर शक्तिशालिनी है

(a) कलम (b) किताब

(c) कोठी (d) लता

8. बड़ी-बड़ी क्रान्तियाँ प्राय: किसके सहारे ही होती हैं ?

(a) धर्म के सहारे

(b) युद्ध के सहारे

(c) भाषा के सहारे

(d) मार-काट के सहारे

9. 'विमला ने कहा कि गोविन्द अब स्वस्थ है ।' यह वाक्य भेद की दृष्टि से है

(a) संयुक्त वाक्य (b) मिश्र वाक्य

(c) सरल वाक्य (d) इनमें से एक भी नहीं

10. शब्दार्थ का सही युग्म **नहीं** है

(a) इतर-बुराई (b) द्विप-हाथी

(c) कृषाण-किसान (d) कृती-निपुण

11. निम्नलिखित में से किस विकल्प में महाप्राण ध्वनियाँ हैं ?
(a) क, च, ब, म
(b) य, ल, क्ष, ज्ञ
(c) त, द, न, प
(d) ख, झ, फ, भ

12. मुहावरा तथा उसके सम्मुख लिखे अर्थ का कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है ?
(a) शीशे में मुँह देखो – विरोध प्रकट करना
(b) विष की गाँठ – उपद्रवी
(c) लुटिया डुबोना – काम खराब कर देना
(d) शान में बट्टा लगना – शान घटना

**13.** इनमें से कौन-सी बोली पूर्वी हिन्दी की नहीं है ?
(a) छत्तीसगढ़ी
(b) बघेली
(c) भोजपुरी
(d) अवधी

14. 'द्रौपदी' का सही पर्याय शब्द नहीं है
(a) पांचाली (b) कृष्णा
(c) अम्बिका (d) याज्ञसेनी

15. आगरा-मथुरा को किस बोली का केन्द्र माना जाता है ?
(a) बाँगरू (b) अवधी
(c) बुन्देली (d) ब्रज

16. 'सक्तु' शब्द का तद्भव शब्द है
(a) शक्ति (b) सात
(c) सकता (d) सत्तू

17. इनमें से कौन-सा वाक्य अशुद्ध है ?
(a) वे लोग विविध विषयों से परिचित थे ।
(b) लड़कियाँ जा रही थीं ।
(c) अनेक प्रकार की विद्याएँ सीखीं ।
(d) चार बजा है ।

18. 'पाठक' का बहुवचन रूप होगा
(a) पाठकगण (b) पाठिकाएँ
(c) पाठक (d) पाठिका

19. इनमें कौन एक शब्द देशज शब्द है ?
(a) पलंग (b) चिड़िया
(c) भात (d) बच्चा

20. 'चरमोत्कर्ष' शब्द का सन्धि-विच्छेद है
(a) चरम + उत्कर्ष (b) चरमो + उत्कर्ष
(c) चरम + कर्ष (d) चर + मोत्कर्ष

21. निम्नलिखित में से अशुद्ध वर्तनी वाले शब्द का चयन कीजिए ।
(a) निसंदेह (b) सत्त्व
(c) उज्ज्वल (d) महत्त्व

22. उत्तर प्रदेश में इनमें से कौन-सी बोली नहीं बोली जाती है ?
(a) कन्नौजी (b) पहाड़ी
(c) अवधी (d) ब्रजभाषा

**23.** झाँसी क्षेत्र में कौन-सी बोली बोली जाती है ?
(a) भोजपुरी
(b) बुन्देली
(c) कन्नौजी
(d) छत्तीसगढ़ी

24. निम्नलिखित विलोम-युग्मों में से गलत का चयन कीजिए ।
(a) स्वाधीन-पराधीन (b) विमुख-प्रमुख
(c) विधवा-सधवा (d) निष्काम-सकाम

25. 'ऊ हमरा के खेलही ना देत रहे ।' यह इनमें से किस बोली का उदाहरण है ?
(a) बुन्देली (b) अवधी
(c) भोजपुरी (d) ब्रज

26. Complete the sentence with proper preposition.
We usually finish work early ________ Fridays.
(a) during (b) on
(c) in (d) at

27. Fill in the blank by choosing from the options given.
He is suspicious ________ all his neighbours.
(a) of
(b) before
(c) from
(d) none of the above

28. Choose the correct active form of the sentence.
They were seen to go out.
(a) They were seen to go out.
(b) He saw them go out.
(c) We saw them go out.
(d) I saw them go out.

29. Identify the correct spelling from the options given below.
(a) Reservoure
(b) Reservor
(c) Reservour
(d) Reservoir

30. Fill the correct form of verb in the given sentence.
Many a man ________ died for his country.
(a) was (b) is
(c) have (d) has

**Direction (Q. Nos. 31 to 35)** : Read the passage below and then answer the questions that follow.

It has been part of Nelson's prayer that the British fleet might be distinguished by humanity in the victory which he expected. Setting an example himself, he twice gave orders to cease firing upon the Redoubtable, supposing that she had struck because her great guns were silent; for as she carried no flag, there was no means of instantly ascertaining the fact. From this ship, which he had thus twice spared, he received his death. A ball fired from her mizzen-top, which, in the then situation of the two vessels, was not more than fifteen yards from that part of the deck where he was standing, struck the epaulette on his left shoulder about a quarter after one, just in the heat of action. He felt upon his face on the spot which was covered with his poor secretary's blood. Hardy, who was few steps away from him turning round, saw three men raising him up. "They have done for me at last, Hardy !" said he. "I hope not !" cried Hardy. "Yes", he replied, "my backbone is shot through !" Yet, even now, not for a moment losing his presence of mind, he observed as they were carrying him down the ladder, that the tiller-ropes which had been shot away, were not yet replaced and ordered that new ones should be roped immediately. Then that he might not be seen by the crew, he took out his handkerchief and covered his face and his stars. Had he but concealed these badges of honour from the enemy, England perhaps would not have had cause to receive with sorrow the news of battle of Trafalgar. The cockpit was crowded with wounded and dying men; over whose bodies he was, with some difficulty, conveyed and laid upon a pallet in the midshipmen's berth. It was soon perceived, upon examination, that the wound was mortal. This, however, was concealed from all, except Captain Hardy, the Chaplain, and the medical attendents. He himself, being certain, from the sensation in his back and the gush of blood felt momentarily within his breast, that no human care could avail him, insisted that the surgeon should leave him and attend to those to whom he might be useful.

31. What is meant by "midshipman" ?
(a) An officer of the middle rank in the navy
(b) An officer of the lowest rank in the navy
(c) An officer of non-commissioned rank in the navy
(d) An officer of the highest rank in the navy

32. Choose the antonym of "presence of mind".
(a) Panic
(b) Attentiveness
(c) Alertness
(d) Quick thinking

33. Why did Nelson insist that the surgeon should leave him and attend to others ?
(a) He felt his injury was not serious
(b) He wanted privacy in his final moments
(c) He know he was dying and wanted the surgeon to help others
(d) He believed that he could recover without help

34. What qualities of Nelson's character was revealed by this passage ?
(a) Cruelty, ambition and cunning
(b) Bravery, patriotism and humanity
(c) Greed, pride and recklessness
(d) Silence, confusion and detachment

**35.** What do you understand by the "mizzen-top" ?
(a) The roof of the ships cabin
(b) The captain's look-out post
(c) The platform around the lower part of the most nearest the stern
(d) The highest point of ship's bow

36. Select the most appropriate option for the following sentence.
She wrote this article _________ her holiday.
(a) in (b) on
(c) by (d) during

37. Choose the correct passive form of the sentence.
'The company has cut all the salaries.'
(a) All the salaries are cut by the company.
(b) All the salaries should have been cut by the company.
(c) Salaries should have been cut by the company.
(d) All the salaries have been cut by the company.

38. Which type of noun is used in the sentence – 'The crowd was very big.' ?
(a) Abstract (b) Common
(c) Collective (d) Proper

39. What does nefarious mean ?
(a) Morally bad
(b) Extremely wealthy
(c) Very fearful
(d) Honest

40. Identify the correct spelling from the options given below.
(a) Enterpranore
(b) Entrepreneur
(c) Entraprenure
(d) Enterprenure

41. What is the meaning of the word 'ephemeral' ?
(a) Mysterious
(b) Temporary
(c) Loud
(d) Permanent

42. Choose the correct preposition for given blank in the idiom.
Cry __________ split milk.
(a) at (b) upon
(c) over (d) on

43. Choose the indirect speech for the following direct sentence.
He said, 'I have been waiting for ages.'
(a) He says that he has been waiting for ages.
(b) He said that he has been waiting for ages.
(c) He said that he is being waiting for ages.
(d) He said that he had been waiting for ages.

**44.** Fill in the blank from given options.
By next July, I __________ in this office for ten years.
(a) will have been working
(b) worked
(c) will be worked
(d) will work

45. Fill the correct form of verb in the given sentence.
Either of these two pens ________ good.
(a) have
(b) is
(c) has
(d) are

46. Find the missing number in the following number series.
3, 5, 8, 10, ?, 15, 18, 20
(a) 11 (b) 14
(c) 12 (d) 13

**47.** How many times from 4 p.m. to 10 p.m. the hands are at right angles ?
(a) 6 (b) 11
(c) 10 (d) 9

48. What are the seven secrets of attractive body language ?
1. Face
2. Gestures
3. Cultural
4. Head movement
5. Comfortable
6. Eye contact
7. Reflection
8. Posture
9. Territory
10. Mirroring
Select the correct answer from the code given below :
(a) 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9
(b) 1, 4, 6, 7, 8, 9, 10
(c) 1, 2, 4, 6, 8, 9, 10
(d) 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8

49. If the perimeter and the area of a circle are numerically equal, then the radius of the circle is
(a) 2 unit (b) 4 unit
(c) $\pi$ unit (d) 7 unit

50. A 280 meter long train is moving at 60 km/h. The time taken by the train to cross a 220 meter long tunnel, is
(a) 30 sec. (b) 20 sec.
(c) 25 sec. (d) 15 sec.

**51.** Eleven friends meet at a party. Each one shakes hand with each of the others once. The number of possible hand shakes is
(a) 22 (b) 55
(c) 56 (d) 65

46. निम्नलिखित संख्याओं की शृंखला में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए ।
3, 5, 8, 10, ?, 15, 18, 20
(a) 11 (b) 14
(c) 12 (d) 13

**47.** 4:00 बजे अपराह्न से 10:00 बजे अपराह्न के मध्य कितनी बार सूइयाँ 90° का कोण बनाती हैं ?
(a) 6 (b) 11
(c) 10 (d) 9

48. आकर्षक शारीरिक भाषा के सात रहस्य क्या हैं ?
1. चेहरा
2. हाव-भाव
3. सांस्कृतिक
4. सिर की हरकत
5. आरामदायक
6. आँख से सम्पर्क
7. प्रतिबिम्ब
8. मुद्रा (आसन)
9. इलाका
10. प्रतिरूपण (प्रतिबिम्बित)
नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :
(a) 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9
(b) 1, 4, 6, 7, 8, 9, 10
(c) 1, 2, 4, 6, 8, 9, 10
(d) 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8

49. यदि एक वृत्त की परिधि और क्षेत्रफल संख्यात्मक रूप से समान है, तो वृत्त का त्रिज्या है
(a) 2 इकाई (b) 4 इकाई
(c) $\pi$ इकाई (d) 7 इकाई

50. 280 मीटर लम्बी एक रेलगाड़ी 60 कि.मी. प्रति घण्टे की गति से चल रही है । 220 मीटर लम्बी सुरंग को पार करने में रेलगाड़ी को कितना समय लगेगा ?
(a) 30 सेकण्ड (b) 20 सेकण्ड
(c) 25 सेकण्ड (d) 15 सेकण्ड

**51.** ग्यारह मित्र एक पार्टी में मिलते हैं । सभी सबसे एक बार हाथ मिलाते हैं । हस्त-मिलान की सम्भावित संख्या है
(a) 22 (b) 55
(c) 56 (d) 65

52. What will be the next number in the following number series ?
48, 24, 72, 36, 108, ?
(a) 64 (b) 72
(c) 54 (d) 36

53. Pointing to a photograph a woman said, "She is the only daughter of my mother's father". How is the woman related to the person in the photograph ?
(a) Grand-daughter (b) Grandmother
(c) Daughter (d) Mother

**54.** Among five boys A is taller than B but not taller than C. D is taller than C but not taller than E. If these boys are standing in a row in increasing order of their heights, then who will be at first place ?
(a) D (b) C
(c) B (d) E

55. Find the next term of the series.
0, 4, 18, 48, 100, ...
(a) 180 (b) 160
(c) 170 (d) 120

56. In reference to Problem-Solving, who said, "to act is easy, to think is hard." ?
(a) E. M. Forster (b) Jean Paul
(c) Goethe (d) Thompson

57. The graph of a linear equation $2x + 5y = 10$ is a line, which meets the x-axis at the point
(a) (2, 1) (b) (5, 0)
(c) $(\frac{1}{2}, 2)$ (d) (0, 2)

**58.** The least perfect square which is divisible by 3, 4, 5, 6, 8 is
(a) 3600 (b) 1200
(c) 2500 (d) 900

59. Every type of communication is affected by its
(a) Non-regulation
(b) Reception
(c) Transmission
(d) Context

52. निम्नलिखित संख्या शृंखला में अगली संख्या क्या होगी ?
48, 24, 72, 36, 108, ?
(a) 64 (b) 72
(c) 54 (d) 36

53. एक महिला ने एक फोटोग्राफ की ओर इंगित करते हुए कहा, "वह मेरी माँ के पिता की एकलौती पुत्री है" । उस महिला का फोटोग्राफ के व्यक्ति से क्या सम्बन्ध है ?
(a) नातिन (b) दादी
(c) बेटी (d) माँ

**54.** पाँच लड़कों में A, B से लम्बा है किन्तु C से लम्बा नहीं है । D, C से लम्बा है किन्तु E से लम्बा नहीं है । यदि इन लड़कों को एक पंक्ति में इनकी बढ़ती लम्बाई के क्रम में खड़ा किया जाय, तो प्रथम स्थान पर कौन होगा ?
(a) D (b) C
(c) B (d) E

55. श्रेणी 0, 4, 18, 48, 100, ... का अगला पद ज्ञात कीजिए ।
(a) 180 (b) 160
(c) 170 (d) 120

56. समस्या-समाधान के सन्दर्भ में किसने कहा कि "कार्य करना आसान है, सोचना कठिन है ।" ?
(a) ई. एम. फार्स्टर (b) जीन पॉल
(c) गोथी (d) थाम्पसन

57. रेखीय समीकरण $2x + 5y = 10$ का आलेख एक रेखा है, जो x-अक्ष को जिस बिन्दु पर प्रतिच्छेद करता है, वह है
(a) (2, 1) (b) (5, 0)
(c) $(\frac{1}{2}, 2)$ (d) (0, 2)


**58.** सबसे छोटा पूर्ण वर्ग जो 3, 4, 5, 6, 8 से विभाज्य है
(a) 3600 (b) 1200
(c) 2500 (d) 900

59. प्रत्येक प्रकार का सम्प्रेषण प्रभावित होता है
(a) गैर-विनियमन से
(b) अभिग्रहण से
(c) संचरण से
(d) सन्दर्भ से

60. Two numbers are in the ratio 3 : 5. If each number is increased by 10, the ratio becomes 5 : 7. The numbers are

(a) 18, 30 (b) 12, 20
(c) 15, 25 (d) 3, 5

61. Find the missing number x in the third triangle.




(a) 20 (b) 10
(c) 15 (d) 90

62. When the mirror image of a watch was seen, it showed 3 : 15. What was the real time ?

(a) 3 : 15 (b) 9 : 45
(c) 7 : 45 (d) 8 : 45

63. Find the odd number out.
1, 2, 4, 8, 16, 32, 64, 96

(a) 96 (b) 4
(c) 64 (d) 32

64. Which one of the following is NOT a skill of interpersonal interaction ?

(a) Empathy
(b) Positive thinking
(c) Courtesy
(d) Administrative power

65. Walking at the rate of 4 km/h a man covers a certain distance in 2 hours 45 min. Running at a speed of 16.5 km/h, the man will cover the same distance in

(a) 55 min. 15 sec.
(b) 45 min.
(c) 50 min. 15 sec.
(d) 40 min.


66. The choice of communication partners is influenced by factors of

(a) Proximity, utility, loneliness
(b) Secrecy, dissonance, deception
(c) Dissimilarity, dissonance, deviance
(d) Utility, secrecy, dissonance

60. दो संख्याएँ 3 : 5 के अनुपात में हैं । यदि प्रत्येक संख्या में 10 की वृद्धि की जाय तो अनुपात 5 : 7 हो जाता है, तो संख्याएँ हैं

(a) 18, 30 (b) 12, 20
(c) 15, 25 (d) 3, 5

61. तीसरे त्रिभुज में लुप्त संख्या x ज्ञात कीजिए ।




(a) 20 (b) 10
(c) 15 (d) 90

62. जब एक घड़ी का दर्पण प्रतिबिम्ब देखा गया, तो 3 : 15 बज रहा था । वास्तविक समय क्या था ?

(a) 3 : 15 (b) 9 : 45
(c) 7 : 45 (d) 8 : 45

63. विषम संख्या प्राप्त कीजिए ।
1, 2, 4, 8, 16, 32, 64, 96

(a) 96 (b) 4
(c) 64 (d) 32

64. निम्नलिखित में से कौन-सा अन्तर्वैयक्तिक पारस्परिक क्रिया का कौशल नहीं है ?

(a) समानुभूति
(b) सकारात्मक सोच
(c) शिष्टाचार
(d) प्रशासनिक शक्ति

65. 4 कि.मी. प्रति घण्टे की गति से चलने पर एक आदमी 2 घण्टे 45 मिनट में एक निश्चित दूरी तय करता है । 16.5 कि.मी. प्रति घण्टे की गति से दौड़ने पर वह आदमी समान दूरी को कितने समय में तय करेगा ?

(a) 55 मिनट 15 सेकण्ड
(b) 45 मिनट
(c) 50 मिनट 15 सेकण्ड
(d) 40 मिनट


66. सम्प्रेषण प्रतिभागियों का चयन किस कारक द्वारा प्रभावित होता है ?

(a) सान्निध्य, उपयोगिता, अकेलापन
(b) गुप्तता, असंवादिता, छल
(c) विषमता, असंवादिता, विचलन
(d) उपयोगिता, गुप्तता, असंवादिता

WRAP Exams

67. If the simple interest on a sum of money at 5% per annum for 3 years is Rs. 1,200, find the compound interest on the same sum for the same period at the same rate.
(a) Rs. 1,690 (b) Rs. 1,400
(c) Rs. 1,575 (d) Rs. 1,261

68. In the following figure if AB || CD. Find the value of x°.




(a) 100° (b) 80°
(c) 50° (d) 60°

69. Which of the following pairs is NOT correctly matched ?
(a) Lewin – Field Theory
(b) Skinner – Operant Conditioning
(c) Pavlov – Stimulus Response Bond Theory
(d) Kohler – Insight Theory


70. Pointing a photograph, a man said, "I have no brother and sister but the father of that man is the son of my father". Whose photograph is it ?
(a) His own
(b) His father's
(c) His nephew's
(d) His son's

71. If BLINK is coded as 21291411, then how will GREEN be coded ?
(a) 7185514 (b) 29121411
(c) 8175514 (d) 1455178

72. Deepak said to Nitin, "that boy playing with the football is the younger of the two brothers of the daughter of my father's wife". How is the boy playing football related to Deepak ?
(a) Nephew (b) Brother
(c) Cousin (d) Son

67. यदि किसी धनराशि पर 3 वर्षों के लिए 5% प्रतिवर्ष की दर से साधारण ब्याज 1,200 रुपये है, तो उसी अवधि के लिए उसी दर से उसी धनराशि पर चक्रवृद्धि ब्याज है
(a) 1,690 रुपये (b) 1,400 रुपये
(c) 1,575 रुपये (d) 1,261 रुपये

68. निम्नलिखित चित्र में यदि AB || CD है, तो x° का मान होगा




(a) 100° (b) 80°
(c) 50° (d) 60°

69. निम्नलिखित युग्मों में से कौन–सा सही सुमेलित नहीं है ?
(a) लेविन – क्षेत्र सिद्धान्त
(b) स्किनर – सक्रिय अनुबन्धन
(c) पावलव – उद्दीपन अनुक्रिया अनुबन्ध सिद्धान्त
(d) कोहलर – अंतर्दृष्टि सिद्धान्त

70. एक फोटोग्राफ की ओर संकेत करते हुए एक आदमी ने कहा, "मेरा कोई भाई या बहन नहीं है परन्तु उस आदमी का पिता मेरे पिता का पुत्र है"। यह फोटोग्राफ किसका है ?
(a) उसका अपना
(b) उसके पिता का
(c) उसके भतीजे का
(d) उसके पुत्र का

71. यदि BLINK को 21291411 के रूप में कूट किया जाता है, तो GREEN को किस प्रकार से कूटित किया जाएगा ?
(a) 7185514 (b) 29121411
(c) 8175514 (d) 1455178

72. दीपक ने नितिन से कहा, "फुटबॉल खेल रहा वह लड़का मेरे पिता की पत्नी की बेटी के दो भाइयों में से छोटा है"। फुटबॉल खेल रहा लड़का दीपक से किस तरह से सम्बन्धित है ?
(a) भतीजा (b) भाई
(c) चचेरा भाई (d) बेटा

73. From the following alternatives find the one that does NOT belong to the rest.
(a) JNR (b) CGF
(c) HLK (d) DHG

74. If "No scientists are philosophers" is true, which one of the following propositions is true ?
(a) Some philosophers are scientists.
(b) No non-philosophers are scientists.
(c) All scientists are philosophers.
(d) Some non-philosophers are not non-scientists.

75. A, B and C are employed to do a piece of work for Rs. 529. A and C are supposed to finish $\frac{19}{23}$ of the work together. How much shall be paid to B ?
(a) Rs. 437 (b) Rs. 92
(c) Rs. 300 (d) Rs. 82

76. At present, the mothers age is three times the daughter's age. After twelve years the age of the mother will be twice of her daughter. At present what is the daughter's age ?
(a) 12 year (b) 16 year
(c) 14 year (d) 18 year

77. The ratio of the angles ∠A and ∠B of a non-square rhombus ABCD is 4 : 5, the value of ∠C will be
(a) 95° (b) 45°
(c) 80° (d) 50°

78. At what angle the hands of a clock are inclined when it is half past 8 ?
(a) 60° (b) 80°
(c) 75° (d) 70°

79. The ages of Ravish and Shikha are in the ratio 3 : 8. Six years hence, their ages will be in the ratio 4 : 9. The present age of Ravish is
(a) 21 year (b) 15 year
(c) 12 year (d) 18 year

80. What type of process is decision-making ?
(a) Somatic process
(b) Social process
(c) Psychological process
(d) Intellectual process

73. निम्नलिखित विकल्पों में से वह विकल्प चुनिए जो शेष विकल्पों में से सम्बन्धित नहीं है ।
(a) JNR (b) CGF
(c) HLK (d) DHG

74. यदि ''कोई वैज्ञानिक दार्शनिक नहीं है'' सत्य है, तो निम्न में से कौन-सा तर्क-वाक्य सत्य है ?
(a) कुछ दार्शनिक वैज्ञानिक हैं ।
(b) कोई अदार्शनिक वैज्ञानिक नहीं है ।
(c) सभी वैज्ञानिक दार्शनिक हैं ।
(d) कुछ अदार्शनिक अवैज्ञानिक नहीं हैं ।

75. A, B और C को 529 रुपये में एक काम करने के लिए नियुक्त किया गया है । A और C को मिलकर काम का $\frac{19}{23}$ भाग पूर्ण करना है । B को कितना भुगतान किया जायेगा ?
(a) 437 रुपये (b) 92 रुपये
(c) 300 रुपये (d) 82 रुपये

76. इस समय माँ की आयु उनकी बेटी की आयु से तीन गुनी है । बारह वर्षों के बाद माँ की आयु बेटी की आयु की दोगुनी होगी । इस समय बेटी की आयु क्या है ?
(a) 12 वर्ष (b) 16 वर्ष
(c) 14 वर्ष (d) 18 वर्ष

77. किसी समचतुर्भुज ABCD, जो वर्ग नहीं हैं, के कोण ∠A तथा ∠B का अनुपात 4 : 5 है । तब ∠C कितने मान का होगा ?
(a) 95° (b) 45°
(c) 80° (d) 50°

78. 8:30 बजे घड़ी की सूइयाँ कितनी कोण पर झुकी होती है ?
(a) 60° (b) 80°
(c) 75° (d) 70°

79. रवीश और शिखा की आयु का अनुपात 3 : 8 है । यदि 6 वर्ष बाद उनकी आयु का अनुपात 4 : 9 होगा, तो वर्तमान में रवीश की आयु क्या होगी ?
(a) 21 वर्ष (b) 15 वर्ष
(c) 12 वर्ष (d) 18 वर्ष

80. निर्णय लेना किस प्रकार की प्रक्रिया है ?
(a) दैहिक प्रक्रिया
(b) सामाजिक प्रक्रिया
(c) मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया
(d) बौद्धिक प्रक्रिया

81. A good communicator begins his/her presentation with a/an
(a) Ice-breaker
(b) Complex question
(c) Repetitive phrase
(d) Non-sequitur

82. A retailer buys a radio for Rs. 225. His overhead expenses are Rs. 15. He sells the radio for Rs. 300. The profit percent of the retailer is
(a) 52% (b) 25%
(c) 50% (d) 10%

83. What is 'star bursting' ?
(a) It is a method of measurement
(b) It is used for good communication
(c) It is a creative thinking and brainstorming technique
(d) It is related to individual's attraction

84. Which number will come in the place of question mark ?
143, 275, 495, ?
(a) 683 (b) 561
(c) 927 (d) 243

85. For any two sets A and B, what does $A - (A - B)$ equal ?
(a) $A \cup B$ (b) B
(c) $A \cap B$ (d) $A - B$

86. In a certain language SIMPLE is written as ISPMEL and CHAPTER is written as HCPARET. Then LFWORE stands for which word ?
(a) WORFEL (b) FLOREW
(c) FLOWER (d) LOWFER

87. Two persons A and B working together, can dig a trench in 8 hours, while A alone can dig it in 12 hours. In how many hours B alone can dig the same trench ?
(a) 30 hours (b) 26 hours
(c) 28 hours (d) 24 hours

81. एक अच्छा सम्प्रेषक अपना प्रस्तुतीकरण निम्नलिखित में से किससे आरंभ करता है ?
(a) सुगम पूर्वाभास (परिचय सूत्र)
(b) जटिल प्रश्न
(c) पुनरावर्ती पदबंध
(d) नानुमिति (अतार्किक निष्कर्ष)

82. एक खुदरा विक्रेता 225 रुपये में एक रेडियो खरीदता है। उसका ऊपरी खर्च 15 रुपये हैं। वह रेडियो 300 रुपये में बेचता है। खुदरा विक्रेता का लाभ प्रतिशत है
(a) 52% (b) 25%
(c) 50% (d) 10%

83. 'स्टार बर्स्टिंग' क्या है ?
(a) यह मापन की एक विधि है
(b) इसका उपयोग उत्तम संचार के लिए होता है
(c) यह रचनात्मक सोच और ब्रेनस्टार्मिंग तकनीक है
(d) यह व्यक्ति के आकर्षण से सम्बन्धित है

84. प्रश्न चिन्ह के स्थान पर कौन-सी संख्या आयेगी ?
143, 275, 495, ?
(a) 683 (b) 561
(c) 927 (d) 243

85. किन्हीं दो समुच्चयों A और B के लिए, $A - (A - B)$ किसके बराबर हैं ?
(a) $A \cup B$ (b) B
(c) $A \cap B$ (d) $A - B$

86. एक निश्चित भाषा में SIMPLE को ISPMEL के रूप में लिखा जाता है और CHAPTER को HCPARET के रूप में लिखा जाता है, तो LFWORE किस शब्द के लिए है ?
(a) WORFEL (b) FLOREW
(c) FLOWER (d) LOWFER

87. दो व्यक्ति A और B एक साथ काम करते हुए एक गड्ढा 8 घण्टे में खोद सकते हैं, जबकि A अकेले इसे 12 घण्टे में खोद सकता है। B अकेले इस गड्ढे को कितने घण्टे में खोद सकता है ?
(a) 30 घण्टे (b) 26 घण्टे
(c) 28 घण्टे (d) 24 घण्टे

88. Find the odd one out from the given alternatives.

(a) Pyramids (b) Swastik

(c) Mummy (d) Sphinx

89. Which number has same property as of the following numbers ?
(957, 777, 876)

(a) 894 (b) 697

(c) 979 (d) 999

90. In the following table, what will come at the place of X ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 7 | 6 |
| 9 | 7 | 8 | 2 |
| 3 | 4 | 7 | 12 |
| 6 | 10 | X | 6 |

(a) 8 (b) 3

(c) 4 (d) 2

91. If $8^{th}$ of the month falls three days after Sunday, what day will be on $17^{th}$ of that month ?

(a) Friday (b) Tuesday

(c) Wednesday (d) Thursday

92. If Sunday falls on the third date of a month, then which date will fall after three days of fourth Wednesday of the same month ?

(a) 31 (b) 27

(c) 29 (d) 30

93. The linear equation $3x - 5y = 15$ has

(a) no solution

(b) two solutions

(c) infinitely many solutions

(d) a unique solution

94. Find the missing number (?) from the following figure.

| | | |
|---|---|---|
| 12 | 12 | 18 |
| 16 | 12 | 20 |
| 5 | 12 | ? |
| 197 | 156 | 366 |

(a) −8 (b) 6

(c) 8 (d) −6

88. नीचे दिये गये विकल्पों में से भिन्न विकल्प को चुनिए ।

(a) पिरामिड (b) स्वास्तिक

(c) ममी (d) स्फिंक्स

89. किस संख्या में वही विशिष्टता है, जो कि निम्नलिखित संख्याओं में है ?
(957, 777, 876)

(a) 894 (b) 697

(c) 979 (d) 999

90. निम्नलिखित सारणी में X के स्थान पर क्या आयेगा ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 7 | 6 |
| 9 | 7 | 8 | 2 |
| 3 | 4 | 7 | 12 |
| 6 | 10 | X | 6 |

(a) 8 (b) 3

(c) 4 (d) 2

91. यदि महीने की आठ तारीख रविवार के तीन दिन बाद आती है, तो उसी महीने की सत्रह तारीख को कौन–सा दिन होगा ?

(a) शुक्रवार (b) मंगलवार

(c) बुधवार (d) बृहस्पतिवार

92. यदि एक मास की तीसरी तिथि को रविवार है, तो उसी मास के चौथे बुधवार के तीन दिन बाद कौन–सी तिथि होगी ?

(a) 31 (b) 27

(c) 29 (d) 30

93. रेखीय समीकरण $3x - 5y = 15$ के

(a) कोई हल नहीं है

(b) दो हल हैं

(c) असीम रूप से कई हल

(d) एक अनोखा समाधान

94. निम्नलिखित चित्र में से लुप्त संख्या (?) ज्ञात कीजिए ।

| | | |
|---|---|---|
| 12 | 12 | 18 |
| 16 | 12 | 20 |
| 5 | 12 | ? |
| 197 | 156 | 366 |


(a) −8 (b) 6

(c) 8 (d) −6

95. If all the sides of a parallelogram are equal and one angle is a right angle, then it is called as

(a) Square (b) Trapezium
(c) Rhombus (d) Rectangle

96. Find the missing number.




(a) 641 (b) 542
(c) 529 (d) 639

97. What should be avoided while replying to e-mails in a group conversation ?

(a) Spell-checking the e-mail

(b) Replying using "Reply All" feature unnecessarily

(c) Filling in the subject line

(d) Using signature in e-mail

98. A number is divided by 84 and leaves remainder 37. If this number is divided by 12, then the remainder will be

(a) 3 (b) 1
(c) 2 (d) 0

99. Which one is different from the rest three ?

(a) WXUV (b) RQPO
(c) UTSR (d) NMLK


100. Which one number is like the given number set ?
(363, 489, 579)

(a) 562 (b) 382
(c) 471 (d) 281

95. यदि किसी समान्तर चतुर्भुज की सभी भुजाएँ बराबर हों और एक कोण समकोण हो, तो उसे क्या कहते हैं ?

(a) वर्ग (b) समलम्ब
(c) समचतुर्भुज (d) आयत

96. लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए ।




(a) 641 (b) 542
(c) 529 (d) 639

97. समूह संवाद में ईमेल का उत्तर देते समय किससे बचना चाहिए ?

(a) ईमेल की वर्तनी जाँचने से

(b) बिना आवश्यकता के "रिप्लाइ आल" (Reply All) फीचर के उपयोग से

(c) विषय पंक्ति भरने से

(d) ईमेल में हस्ताक्षर के उपयोग से

98. यदि एक संख्या में 84 से भाग दिया जाता है, तो 37 शेषफल बचता है । यदि इसी संख्या को 12 से भाग दिया जाए तो क्या शेषफल होगा ?

(a) 3 (b) 1
(c) 2 (d) 0

99. शेष तीनों में से कौन भिन्न है ?

(a) WXUV (b) RQPO
(c) UTSR (d) NMLK

100. कौन-सी एक संख्या निम्नलिखित संख्याओं के समूह के समान है ?
(363, 489, 579)

(a) 562 (b) 382
(c) 471 (d) 281

WRAP Exams
4471529

**DO NOT OPEN THIS QUESTION BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO.**

# 2025

Question Booklet Bar Code Serial No.
प्रश्न–पुस्तिका बार कोड क्रम संख्या
4471529

**CODE : CIZU-2–24**

**SUBJECT : GENERAL STUDIES – II**

Time : 2 Hours Max. Marks : 200

| Write your Roll Number in the box | In numbers → | |
|---|---|---|
| | In words | |

To mark Answer use **Black Ball-Point Pen** only.

Candidate must read all the instructions carefully before writing the answers on the Answer-Sheet.

| Signature of Invigilator | |
|---|---|

You are to mark all your answers on **Answer-Sheet only**. After the examination is over, handover the **Answer-Sheet to the Invigilator** and receive candidate's copy (Blue) from the Invigilator.

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. Answer **all** questions. **All** questions carry equal marks. OMR Answer-Sheet and Question Booklet which carry same Bar Code Serial Number, are kept together inside a sealed transparent polythene packet.
2. **Immediately after opening the transparent sealed polythene packet, again check that the Printed Bar Code Serial Number of Question Booklet and OMR Answer-Sheet is same and all the pages are printed properly. If the Printed Bar Code Serial Number of Question Booklet and OMR Answer-Sheet is not same or there is any other discrepancy in it, return it to the Invigilator and get another sealed polythene packet of Question Booklet and OMR Answer-Sheet.**
3. **Only after ensuring that the printed Bar Code Serial Number of the Question Booklet and OMR Answer-Sheet is same,** candidate has to indicate the correct Roll Number, Subject and Subject Code on the OMR Answer-Sheet at the specified place, otherwise the OMR Answer-Sheet will not be evaluated and the candidate will be solely responsible for it.
4. Do not write anything on the cover page of the Question Booklet except Roll Number. Use the space for rough work given in the last two pages of the Question Booklet.
5. **This Question Booklet contains 100 questions.** Each question has **four (4)** options which are given below the question. Only one option is correct out of the four. You are required to darken the circle corresponding to the alternative which you consider to be the correct or most appropriate answer in the OMR Answer-Sheet by **Black Ball-Point Pen**.
6. In this Question Booklet (Except Q. Nos. **1 – 45**) all questions are printed in both Hindi and English languages. In case of any ambiguity in the bilingual (Hindi/English) question, the English version of the question shall prevail.
7. **Penalty for wrong answers :**

   **THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OMR ANSWER SHEET.**

   (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.

   (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer**, even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.

   (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

**Note : Please check that the Bar Code Serial Number printed on the Question Booklet and the OMR Answer-Sheet is same, in case of any discrepancy in it, get it changed with another set of sealed polythene packet of Question Booklet and OMR Answer-Sheet.**

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपांतर इस प्रश्न–पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर छपा है।

* 16 *